News Letter

# मुक्त चिन्तन

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

A Quarerly Bulletin of UP Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

हम न पहुँचे वहाँ पहुँचा न कोई जहाँ

01 जून, 2021




## माननीया कुलपति जी ने किया विश्वविद्यालय के गंगा परिसर का निरीक्षण



*विश्वविद्यालय के गंगा परिसर का निरीक्षण करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी तथा साथ में विश्वविद्यालय के निदेशक, अधिकारी, परामर्शदाता एवं कुलसचिव*

**शासन एवं मा0 राज्यपाल जी की मंशानुरूप नैक को शीर्ष प्राथमिकता देते हुये कैम्पस को सुसज्जित करने, निर्माण कार्य पूर्ण कराने के साथ–साथ विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने हेतु स्थान के लिए माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी ने दिनांक 01 जून, 2021 को सायं 04:30 बजे विश्वविद्यालय के गंगा परिसर का निरीक्षण किया।**



*विश्वविद्यालय के गंगा परिसर का निरीक्षण करती हुई माननीया कुलपति प्रो0 सीमा सिंह जी तथा साथ में विश्वविद्यालय के निदेशक, अधिकारी, परामर्शदाता एवं कुलसचिव*

माननीया कुलपति जी ने परिसरों को सुसज्जित करने, पार्किंग व्यवस्था, निर्माण कार्य पूर्ण कराने, कार्यालयों में सफाई व्यवस्था को चुस्त–दुरूस्त रखने के साथ–साथ विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य केन्द्र यथाशीघ्र स्थापित करने हेतु सम्बन्धित निदेशकों, अधिकारियों एवं प्रभारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान प्रो0 जी.एस. शुक्ल, निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रभारी निदेशक, शिक्षा विद्याशाखा, प्रो0 सत्यपाल तिवारी, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, मा0 कुलपति जी के ओ.एस.डी. डॉ0 सतीश चन्द्र जैसल, मा0 कुलपति जी के ओ.एस.डी. एवं सम्पत्ति प्रभारी डॉ0 दिनेश सिंह, प्रवेश प्रभारी डॉ0 ज्ञान प्रकाश यादव, विद्युत परामर्शदाता श्री उमेश पाण्डेय एवं कुलसचिव डॉ0 अरूण कुमार गुप्ता, उपस्थित रहे।





